# हरियाणा की नई एयरोस्पेस एवं रक्षा नीति का उद्देश्य राज्य को भारत में अग्रणी रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाना : अमनीत पी कुमार

**चंडीगढ़ (एसएनबी)।** हरियाणा सरकार ने देश की रक्षा विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य ने अपनी नई एयरोस्पेस और डिफेंस नीति लागू की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप यह नीति हरियाणा को देश में अग्रणी एयरोस्पेस एवं रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करती है। ये बात हरियाणा नागरिक उड्डयन आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार ने सोमवार को हुई इस संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

बैठक में उप महानिदेशक इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस एवं मुख्य परिचालन अधिकारी विवेक विरमानी और रक्षा मंत्रालय के उप कार्यक्रम निदेशक इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस जतिन अरोड़ा उपस्थित रहे। अमनीत पी कुमार ने कहा कि नीति पहले ही अधिसूचित की जा चुकी है और इस योजना के अंतर्गत आगामी योजनाओं को जल्द ही औपचारिक रूप से अधिसूचित किया जाएगा। नई नीति का उद्देश्य अगले पाँच वर्षों में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश आकर्षित करना, लगभग 25,000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करना तथा उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं विकास इकाइयाँ और विश्व स्तरीय कौशल विकास संस्थान स्थापित करना है। इसमें हरियाणा को उत्तर भारत के प्रमुख रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने की भी परिकल्पना की गई है।राज्य सरकार हिसार एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर को प्रमुख एयरोस्पेस एवं रक्षा केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। यह परियोजना कुल 2,988 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 4,679.56 करोड़ रुपये है और इसे दो चरणों में पूरा किया जाएगा। एनआईसीडीसीटी के साथ समझौता ज्ञापन पर शीघ्र ही हस्ताक्षर किए जाएँगे।

**हरियाणा के करनाल में एक आधुनिक क्रू प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगा**

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के अंतर्गत दिए जा रहे विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहनों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्षा क्षेत्र को इस नीति में प्रमुख क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है। मौके पर नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त निदेशक कैप्टन मनोज कुमार लोहान भी मौजूद रहे।